ये ग्रह तो एक नासूर है जो सड़ता जा रहा है, एक ऐसी जगह जो इस ब्रह्माण्ड के ऊपर एक धब्बा है और अब ये मेरी ज़िम्मेदारी है की हम इस धब्बे को मिटा दे !
क्रमशः


ARCHIE DREAM COMICS
OPH
One Page Horror
...शायद
आज जब एक थकान भरे लम्बे दिन बाद मैं घर पहुंचा तो लॉक खोलने पर मैंने कुर्सी पर अपनी माँ को इनकी मनपसंद गुड़िया के साथ बैठे देखा ।
मुझे नहीं समझ आता की मैं इसलिए परेशान हूँ की माँ बिना चाबी के अन्दर कैसे आई या फिर इसलिए की माँ की मौत हुए 5 साल हो गए हैं !

SUPERHEROES CLASH

SUPERMAN

सुपरमैन DC Comics का एक प्रमुख पात्र है। सुपरमैन का अर्थ है महामानव। DC Comics ने खुद घोषणा की थी की सुपरमैन उनकी कॉमिक्स का सबसे ताकतवर पात्र है हालांकि कई नए सुपर-विलेन उससे ताकतवर बनाए गये। शुरुवाती दौर में सुपरमैन को इतना ताकतवर बनाया गया की कोई विल्लेन उसके आगे टिकता ही नहीं था तो मजबूरन उसकी ताकतों को कम किया गया।



सुपरमैन की उत्तपत्ति जल्द ही आई मूवी Man of Steel से साफ़ हो जाती है जिसमे कार्ल एल Krypton ग्रह का बचा हुआ आखिरी शख्स है जिसे उस ग्रह के तबाही के पहले ही पृथ्वी पर भेज दिया जाता है हालांकि अपने ग्रह पर ये साधारण इंसानों की तरह रहते है परन्तु पृथ्वी पर आने के बाद ये महामानव में परिवर्तित हो जाते है।।

सुपरमैन की ताकते~~~~

• महामानव बाहुबल और ताकत --- सुपरमैन की ताकत एक आम आदमी से कही ज्यादा है वह 200 टन से ज्यादा वजन उठा के फेक सकता है। उसकी मांसपेशिया सूर्य की किरणों से ताकत पाती है जिससे उसकी सारी कुशलताएं ताकत से भर जाती है। सुपरमैन के पास अनंत स्टैमिना है जिससे वो कभी नहीं थकता जबतक उसे सूर्य की किरने मिलती रहे।

• अभेद्यता --- सुपरमैन की प्रतिरोध क्षमता लगभग किसी भी हमले को झेल सकती है। जिसमे ज्यादा मात्रा में लगाया बल और तापमान भी शामिल है।

• उड़ान -- सुपरमैन ग्रेविटी के विरुद्ध बेमिसाल उड़ान भरता है तथा ज्यादा दुरी तक कूद सकता है। उसकी मैक्सिमम रफ्तार सूर्य की किरणों जितनी है।

• महामानव रफ्तार --- यह रफ्तार सुपरमैन को तेजी से उड़ने दौड़ने हिलने में मदद करती है।

• X-Ray दृष्टि --- वह किसी भी चीज़ के आर पार देख सकता है।


• लेजर दृष्टि -- सुपरमैन की आँखो से निकली गर्मी का ताप सूर्य के ताप जितना है

• महामानव सांस --- वह बहुत ही ज्यादा मात्रा में सास लेता और छोड़ता है जिससे उसे ताकत मिलती है

• महामानव कान --- वह बहुत ही दूर की आवाजो को बड़ी साफ़ सुन सकता है

• महामानव दृष्टि --- वह बहुत ही दूर तक की चीजों को बड़ी ही स्पष्टता से देख सकता है

• महामानव महक • महामानव याददाश •बुद्दिमानी • बेमिसाल युद्ध कलाये



BATMAN, Vol. 28, No. 291, September, 1977. Published monthly by DC COMICS INC., 75 Rockefeller Plaza, New York, N.Y. 10019. Second Class Postage paid at New York, N.Y. and Additional Mailing Offices.

SUBSCRIPTION DEPT.: DC COMICS INC., 155 Allen Blvd., Farmingdale, N.Y. 11735. Annual subscription rate $5.00. Outside U.S.A. $6.00



किसी को नहीं पता की यह कैसे हुआ ? क्यों हुआ ? किसने किया ? लेकिन ये शरीफों के लिए संकट और अपराधियों की दिवाली थी ।
THE BATMAN IS DEAD
लेकिन निश्चित था के हर कहानी अलग थी
IN CHICAGO--
उन्होंने बैटमैन को छत पर से धक्का दिया
IN BOSTON--
IN NEW ORLEANS--
2


IN SAN FRANCISCO--
बैटमैन गायब है ?
लेकिन क्या सच में वो मारा गया
हमें सच पता लगाना होगा ।
हाँ ये खबर बिलकुल सच है लेकिन असल सवाल है -
हत्यारा कौन ?
IN MIAMI--
एक तो ये बोल रहा है के उसने बैटमैन को तलवार से मार डाला
वैसे इसका पता लगाने के लिए कोर्ट बैठ रही है
कोर्ट ?
हाँ क्राइम कोर्ट -
वो भी गोथम शहर में । सभी अपराधी वहां दावा ठोकेंगे ।


सच में इन दावों की सत्यता परखने के लिए गोथम में बैठ रही थी क्राइम कोर्ट
वीराने में कर्नल क्लॉ के बंगले में
यहाँ पर हर छोटा-बड़ा अपराधी मौजूद था जो अपना दावा पेश करना चाहता था
ज्यूरी में हैं - मैड हैटर, स्पूक, पाइजन आइवी, स्कैरक्रो, सिग्नलमैन और मि.फ्रीज
और मुख्य न्यायधीश हैं - रा-अल-गुल
क्राइम कोर्ट में आप सबका स्वागत है । अब हम एक-एक कर सबकी गवाही सुनेंगे ।
कोर्ट वकील को कार्यवाही शुरू करने का आदेश देती है
और वो चेहरा - नहीं चेहरे सामने आते हैं जो इस केस की पैरवी करेंगे
हार्वे डेंट उर्फ़ टू-फेस - भूतपूर्व वकील और अब माफ़िया बॉस
ज्यूरी के माननीय सदस्यों, आज जो सवाल हमारे सामने खड़ा है ,
वो है किसने मारा बैटमैन को ? क्योंकि ये सम्मान की बात है लेकिन इसके दावेदार बहुत है ।
हर दावेदार पहले ही लिखित में अपने पक्ष और साक्ष्य जमा करवा चूका है । अब हम उन्हें परखेंगे ।
पहली दावेदार कटघरे में आये ..


सेलिना काइल हाज़िर हो !!
बिल्ली सी चतुर और शातिर । साथ ही साथ बैटमैन की करीबी मानी जाने वाली
कैटवुमन
ये असंभव है। ये कभी बैटमैन को मार नहीं सकती !
ये तो बैटमैन से प्रेम करती थी ।
कैटवुमन मैं जानता हूँ की तुम बैटमैन के करीब थी लेकिन यहाँ बहुत लोग है जो बैटमैन की मौत पर खुश हैं
मैं तुम्हारे इस शोक-प्रदर्शन से सहमत नहीं हूँ ।
महोदय मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की कौन क्या सोचता है ?
मैंने बैटमैन को मारा है और मुझे उसका अफ़सोस है ।
मि.डेंट आप शुरू करें ।
बिलकुल कैटवुमन
आप घटना विस्तार से बताइए
बैटमैन के क़त्ल की रात आप कहाँ थी ?
और शुरू हुई कैटवुमन की गवाही
कुछ वक़्त पहले मैंने अपना नाम-पता बदल कर एक नए शहर में नयी शुरुआत की।
और उस दौरान मैं सिर्फ मैं थी ना की कैटवुमन
मेरा नया नाम था मैडम क्लोदीन और मैंने अपनेआप को गोथम के उच्च-वर्ग में शामिल कर लिया था ।


तीन हफ्ते पहले मैं एक फैशन शो में गयी थी ।
"सब कुछ अच्छा चल रहा था की अचानक"
और फिर वो आ गया
सभी लोग शांति से अपने हाथ खड़े कर दें
तुमने यहाँ ..
आकर बड़ी ...
गलती की
6




वो बदमाश एक मिनट भी बैटमैन के सामने टिक ना पाये ।
पहली बार उसे एक दर्शक बन लड़ते देखना एक अलग ही अहसास था



तभी उनमे से एक भागने की चेष्टा करने लगा ।
PRIVATE MADAME CLAUDINE
वो सीधे मेरे रूम में घुसा
PRIVATE MADAME CLAUDINE
मैंने उसका पीछा किया
और बैटमैन के आने तक ...
ये बेहोश है । स्थिति नियन्त्र में है ।
तुम्हारी आदतें बदली नहीं कैटवुमन
बैटमैन मेरे बारे में जान चुका था
तुम्हें देख कर ख़ुशी हुई बैट
सच में ? मैडम क्लोदीन !
हाँ ...
तुम्हारा प्यार मुझे खींच लाया
फालतू बातें मत करो
मैं दो दिनों से इन बदमाशों के पीछे पड़ा था ।
और आज ये पकड़ में आये तो वो भी तुम्हारे शो में !
तुम्हे ग़लतफ़हमी है। मैं बदल चुकी हूँ ।
तभी एक बदमाश को होश आ गया
उन्नह
ये मात्र कठपुतली हैं ।
असली मालिक तो कोई और है जिसका पता ये बताएगा।
CONTINUED ON



बैटमैन उससे पूछताछ करने लगा
बोलो
लेकिन वो ज़्यादा बोलने के पहले बेहोश हो गया
उसने क्या कहा ?
अपने बॉस का नाम
टू-फेस
टू-फेस गरजा
तुम मुझ पर इल्जाम लगा रही हो ?
मैं वो बता रही हूँ जो हुआ
I OBJECT!
वकील मुझे अपना सिक्का दो
जज गुल ने डेंट के तरीके से समाधान निकला
EVIL WINS!-- OBJECTION OVERRULED!
कैटवुमन ने आगे बताना जारी किया
बदमाश इतना बोल बेहोश हो गया और तब तक पुलिस आ गयी
तुम बोल रहे हो के इसके पीछे टू-फेस है बैटमैन ?
क्या तुम्हे इस पर भरोसा है ?
मैं सोच रहा हूँ की इसने इतनी आसानी से सब क्यों बता दिया ?
आप इसे हॉस्पिटल ले जाये । मैं आपसे वहीं मिलता हूँ ।
9


पुलिस के जाने के बाद
क्या तुम मेरी असलियत सबको बता दोगे ?
नहीं ।
अगर तुम्हारी बातों में सच्चाई है तो तुम मुझे अपने साथ पाओगी
और अगर तुम गलत हो तो मैं तुम्हे खुद हवालात में डालूँगा
इस मौके को मत गवाना मैडम क्लोदीन
वो मुझे चेतावनी दे कर चला गया
अब मुझे बहुत सतर्क रहना था
हो सकता है वो पूरे समय मुझ पर निगरानी रखे
वो हमेशा दो कदम आगे रहता है , मुझे चार कदम होना होगा
हेल्लो कोडी ! मैं आ रही हूँ ... तुम भी ध्यान रखना की कोई तुम्हारा पीछा ना करे ।
मैं वापस अपने नए घर नहीं गयी
मेरी असली सम्पति तो कहीं और छुपी थी
करीब आधी रात मैं वीराने में अपने अड्डे तक पहुंची
और कुछ ही देर में मैं हमेशा के लिए दूर निकलने वाली थी

फलक



एक अधूरा घड़ा

कहानी है यह हिन्दुस्तान की। बहुत समय पहले की बात है एक भिश्ती था। उसके पास दो घडे थे। उन घडों को उसने एक लम्बे डंडे के दो किनारों से बांधा हुआ था। एक घडा था साबुत और सुन्दर परन्तु दूसरे घडे में दरार थी।

भिश्ती हर सुबह नदी तट पर जा कर दोनों घडों में पानी भरता और फिर शुरू होता उसका लम्बा सफर ऊंची पहाडी चढ क़र मालिक के घर तक । जब तक वह वहां पहुंचता टूटे हुए घडे में से आधा पानी रास्ते में ही बह चुका होता जबकि साबुत घडे में पूरा पानी होता।

बहुत समय तक ऐसे ही चलता रहा । मालिक के घर तक डेढ घडा पानी ही पहुंचता था। साबुत घडे क़ो अपने पर बहुत घमंड था। उसकी बनावट बहुत सुन्दर थी और वह काम में भी पूरा आता था । टूटे हुए घडे क़ो अपनी बेबसी पर आंसू आते । वह उदास और दुखी रहता क्योंकि वह अधूरा था। उसे अपनी कमी का एहसास था। वह जानता था कि जितना काम उसे करना चाहिये वह उससे आधा ही कर पाता है।

एक दिन टूटा हुआ घडा अपनी नाकामयाबी को और सहन नहीं कर पाया और
वह भिश्ती से बोला ''मुझे अपने पर शर्म आती है मै अधूरा हूं। मैं आपसे क्षमा मांगना चाहता हूं।''
भिश्ती ने उससे पूछा ''तुम्हें किस बात की शर्म है।''
''आप इतनी मेहनत से पानी लाते है और मै उसे पूरा नहीं रोक पाता आधा रास्ते में ही गिर जाता है । मेरी कमी के कारण मालिक को आप पूरा पानी नहीं दे पाते'' दरार वाला घडा बोला।

भिश्ती को टूटे हुए घडे पर बहुत तरस आया। उसके हृदय में दया और करूणा थी। उसने प्यार से टूटे हुए घडे से कहा ''आज जब हम पानी लेकर वापस आयेंगे तब तुम रास्ते में खुबसूरत फूलों को ध्यान से देखना। चढते सूरज की रोशनी में यह फूल कितने अच्छे लगते है।''

और उस दिन टूटे हुए घडे ने देखा कि सारे रास्ते के किनारे बहुत ही सुन्दर रंगबिरंगे फूल खिले हुए थे। उन लाल नीले पीले फूलों को देख कर उसका दुखी मन कुछ समय के लिये अपना दुख भूल गया। परन्तु मालिक के घर पहुंचते ही वह फिर उदास हो गया। उसे बुरा लगा कि फिर इतना पानी टपक गया था।
नम्रतापूर्वक टूटे हुए घडे ने फिर भिश्ती से माफी मांगी। तब वह भिश्ती टूटे हुए घडे से बोला ''क्या तुमने ध्यान दिया कि रास्ते में वह सुन्दर फूल केवल तुम्हारी तरफ वाले रास्ते पर ही खिले हुए थे। मैं तुम्हारी इस कमजोरी के बारे में जानता था और मैने इसका फायदा उठाया। मैने फूलों के बीज केवल तुम्हारी तरफ ही बोये थे और हर सुबह जब हम इस रास्ते से गुजरते तो तुम इन पौधों को पानी देते थे। पिछले दो सालों से यही फूल मालिक के घर की शोभा बढाते हैं। तुम जैसे भी हो बहुत काम के हो अगर तुम न होते तो मालिक का घर इन सुन्दर फूलों से सुसज्जित न होता।''

ईश्वर ने हम सब में कुछ कमियां दी है। हम सब उस टूटे अधूरे घडे ज़ैसे हैं पर हम चाहें तो हम इन कमजोरियों पर काबू पा सकते हैं।

कॉमिक्स जंक्शन की रोमांचक दुनिया में आपका स्वागत है, जहां रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं हैं। हम सिर्फ एक कॉमिक्स फैंस के समूह नहीं हैं, हम कल्पना, रोमांच और कलात्मकता के ब्रह्मांड का प्रवेश द्वार हैं। 🦋

❀ *आप हमसे सभी प्लेटफार्म (सोशल-मीडिया) पर जुड़ सकते हैं।* ❀

Facebook Page ⇛ JOIN NOW

Facebook Group ⇛ JOIN NOW

ChatWise Group ⇛ JOIN NOW

WhatsApp Group ⇛ JOIN NOW

Telegram Channel ⇛ JOIN NOW

New Comics Updates ⇛ JOIN NOW

Visit Website ➪ https://ComicsJunction.Stck.Me

नोंट : किसी भी चैंनेल/पेंज या ग्रुप मे ज्वॉइन होने के लिए JOIN NOW बटन पर क्लिंक करें।

काण्ड समय रेखा - शून्य दिवस




नरमन चिकित्सा और रोग अनुसंधान केन्द्र बैंगलोर
RABHAS STRAIN N VACCINE
नहीं!


नहीं! वो कहाँ गया
हे भगवान! अब क्या होगा!
SQUEE
SQUEE SQUEE
नहीं मुझे शांत दिमाग से काम लेना होगा।
SQUEE SQUEE
वो जरूर
SQUEE
आहहSSS
दूर हट !!
SQUEEEEEE



व..उ..आ...
पहुँच सकता हूँ
अब भी देर नहीं हुई
नहीं
डॉ सुशील!! मैंने चीखने की आवाज सुनी! क्या आप ठीक हैं?
देर हो गई
अपनी जान बचाओ
क्या??
भाग जाओ !!


हर्रर.....
आहह....
ये मुझे काट
रहा है !!
उफ !
ये क्या हो गया !
SHREEEP
हर्रर....
खों
खों
क्या हो रहा है?? यहाँ इतना
शोर क्यों है??
हम शैतान बन चुके है ...
हम सभी
SQUEE
SQUEE


इस बीच मुम्बई में (शून्य दिवस)
BHAKTI SANGA
हम कलियुग में जी रहे है और स्वंय की करनी से विनाश को निमंत्रण दे रहें हैं।
शराब पीना, महिलाओं का पहनावा, अश्लील फैशन शो, हमारे मंदिरों का गिरना, वेलेंटाइन डे...
ये इस बात को सिद्ध करता है की हम अपने संस्कारों को भूल चुके हैं
हमम..
हमेशा मुझे ही ऐसे कवरेज की ड्यूटी क्यों मिलती है??
इनके गुंडे डिस्को में औरतों से छेड़खानी करते हैं और ये उसे सही ठहराते हैं
हमारे अंतर्यामी गुरु बाबा सत्यदेव को हमारे रक्षक काल्की के होने वाले जन्म का आभास है।
और जब वो इस नरक मे जन्म लेंगे तब भक्ति संघ वहाँ उनकी रक्षा करेगा।
काल्की!! वाउ... उसकी बकवास तो सुनो!!
PINK CHADDI CAMPAIGN
मुझे यकीन नहीं होता पाँच साल की पत्रकारिता की पढाई के बाद मैं ये कर रही हूँ।
भक्ति संघ उनकी सभी बुराईयों और समस्याओं से रक्षा करेगा
हम असुरों को उनका अहित नहीं करने देंगे... हम तैयार रहेंगे


पश्चिम संगरोध दीवार, बैंगलोर काण्ड समय रेखा -36 वॉ दिवस
RAW
महानिदेशक की डेस्क से अनुसंधान और विश्लेषण विंग
हम संदूषण के इस स्तर के लिए तैयार नही थे। क्षेत्र 7 पिछले 36 दिनों से वायरस फैलने से दूषित है। वैज्ञानिक इसे राशा काण्ड कह रहे हैं।
अंतिम संदेश प्रमुख वैज्ञानिक डॉ सुशील से शुन्य दिवस पर प्राप्त हुआ था।
हमें अंदेशा है की राशा वायरस वहाँ की हवा में मिल गया है।
बचाव दल- नागा रेजिमेंट पिछले 10 दिनों से लापता है।


तुम्हारा मिशन चिकित्सा फाईलें और रिपोर्ट और साथ ही डॉ सुशील के रक्त का नमूना लाना है।
वैक्सीन संक्रमित लोगों पर प्रभावित नहीं है। वे नरभक्षी बन गए हैं।
वायरस संक्रमित लोगों के काटने से फैल रहा है।
क्षेत्र 7 के सारे नागरिक अब संक्रमित मान लिए गए हैं।



क्रमशः

'मेरा हीरो तो गंजा, बुड्ढा और बदसूरत है'



स्वाति बक्शी



'चाचा चौधरी का दिमाग़ कंप्यूटर से भी तेज़ चलता है' और 'साबू को गुस्सा आता है तो ज्वालामुखी फटता है.'

मासूम बचपन में ये बातें ना तो कभी नामुमकिन लगीं, ना ग़लत बल्कि उस शख़्स से मिलने की ख़्वाहिश ज़रूर हमेशा रही जिसने इन क़िरदारों को ज़िंदगी दी. 1960 के दशक में कार्टूनिस्ट प्राण ने जब बनाना शुरू किया वो वक्त भारत में इस लिहाज से बिल्कुल नया था कि कोई देसी क़िरदार मौजूद नहीं थे. दिल्ली में उनके घर पर मुलाक़ात हुई तो बातचीत की शुरुआत इसी बात से हुई.

राजनीति विज्ञान के स्नातक और फ़ाइन आर्ट्स के छात्र ने कार्टूनिस्ट बनने का फ़ैसला क्यों किया मेरे इस सवाल के जवाब में प्राण कहते हैं, "ऐसा नहीं है कि कार्टूनिस्ट नहीं थे. मुझसे बेहतर थे मेरे सीनियर जैसे शंकर, कुट्टी और अहमद लेकिन वे सब राजनीतिक कार्टून बनाते थे. मुझे लगा कि राजनीति तो वक्त के साथ पुरानी पड़ जाएगी क्यों न ऐसे सामाजिक क़िरदार बनाऊं जो हम जैसे हों. मेरी समझ से कार्टून पत्रकारिता की एक शाखा है."

प्राण बताते हैं, "उस वक्त जितनी भी कॉमिक्स बाज़ार में मौजूद थीं उन सब में विदेशी चरित्र थे जैसे मेंड्रेक, ब्लॉंडी वगैरह. हालांकि जब मैंने माता-पिता को बताया तो सबने कहा कि क्या मिलेगा तुम्हें, कोई लड़की तुमसे शादी नहीं करेगी. लेकिन मैंने कहा कि मैं तय कर चुका हूं. अब तो यही करना है."

कार्टून की भाषा

राजनीतिक भाषा से परहेज़ रखने पर प्राण कहते हैं, "सामाजिक क़िरदारों की उम्र कभी ख़त्म नहीं होती. मैंने उस वक्त जो कहानी कही वो आज भी पुरानी नहीं लगेगी."



चाचा चौधरी, साबू, पिंकी, बिल्लू, रमन जैसे बेहद सफल क़िरदार क्या उनके आस-पास के लोगों पर आधारित थे. ये पूछने पर प्राण कहते हैं, "चाचा चौधरी की जहां तक बात है तो मेरी प्रेरणा थे भारतीय इतिहास के प्रचलित व्यक्तित्व चाणक्य. मैं चाहता था कि मेरा हीरो उनके जैसा अक्ल वाला हो."

प्राण आगे कहते हैं, "मेरी अवधारणा पश्चिम से बिल्कुल भिन्न थी. वहां हीरो का शारीरिक तौर पर शक्तिशाली होना- लंबा चौड़ा, ख़ूबसूरत, बांका जवान होना ज़रूरी है लेकिन देखिए मेरा हीरो तो गंजा, बुड्ढा है. गंजा मतलब बदसूरत लेकिन उसकी ताक़त है उसका दिमाग़ तो मेरे चरित्र सिर्फ़ बाहरी ख़ूबसूरती के मोहताज नहीं है."

फिर चाचा की कहानियों में साबू कैसे आया यह पूछने पर प्राण बताते हैं, "शुरुआत में चाचा चौधरी अकेला था क्योंकि उस वक्त थीम साधारण से थे जैसे चोरी, पॉकेटमारी वगैरह पर धीरे-धीरे समस्याएं बदलने लगीं. फिर मुझे लगा कि इस अक्ल को शारीरिक ताक़त देनी होगी और ऐसे साबू का जन्म हुआ."

लेकिन साबू का ग्रह ज्यूपिटर कैसे निर्धारित हुआ. इस पर प्राण कहते हैं, "सिर्फ़ सोच की बात है. मुझे ज्यूपिटर काफ़ी दिलचस्प नाम लगा. मंगल जैसे नाम उस वक्त इतनी दिलचस्पी पैदा नहीं कर रहे थे."



महिला क़िरदार

अब प्राण से मिलने का मौक़ा मिला था तो मैंने एक शिकायत दर्ज करा ही दी कि उनके महिला क़िरदार जैसे चाचा चौधरी की बीवी बिन्नी, चन्नी चाची, श्रीमती जी इतने परंपरागत क़िरदार क्यों हैं. उन्होंने लीक से हटकर थोड़ी बोल्ड महिलाएं क्यों नहीं गढ़ीं.

प्राण अपना बचाव करते हुए कहते हैं, "देखिए अगर आप हास्य पैदा नहीं करेंगे तो कौन ख़रीदेगा. अपनी बीवी से तो चाचा चौधरी भी डरता है जो किसी से नहीं डरती. क्या ये ताक़त नहीं है. कितनी बार बिन्नी चाचा चौधरी को बेलन फेंक कर मार चुकी है."

राजनीतिक कार्टून और कार्टूनिस्ट असीम त्रिवेदी विवाद का ज़िक्र छिड़ा तो प्राण का कहना था, "कार्टून हास्य के साथ कटाक्ष करने की कला ज़रूर है लेकिन अभिव्यक्ति की आज़ादी का मतलब किसी की बेइज़्ज़ती कभी नहीं हो सकता. भारतीय संविधान ने ये आज़ादी दी है तो उसका सम्मान होना चाहिए."


प्राण कहते हैं, "असीम त्रिवेदी ने जो भी किया वो सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के इरादे से किया. ऐसा कोई भी कार्टून जो संविधान का सम्मान न करे अच्छा कार्टून नहीं हो सकता. मेरी समझ से असीम ने जो किया वो सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीक़ा था."

भारत में कार्टूनकला की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी करते हुए प्राण कहते हैं,"पहले की बात और थी आज तो भारत में जर्नलिज़्म का पूरा तरीक़ा ही बदल चुका है. पहले शंकर और कुट्टी इतने प्रख्यात थे कि पहले पन्ने पर उनके कार्टूनों का इंतज़ार होता था लेकिन आज तो अगर माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय की तस्वीर हो तो कार्टून को धकेल कर पिछले पन्ने पर भी भेजा जा सकता है"

प्राण कहते हैं,"दूसरी बात ये है कि आज कार्टूनिस्ट हैं भी बहुत कम. आप को ही पांच नाम गिनाने को कहूं तो याद नहीं आएंगे. ये ट्राइब ही दुनिया में विरली है. आज तो अगर कोई कार्टून बना भी दे तो तुरंत जुलूस निकलने लगते हैं. नेहरू ने ख़ुद शंकर से एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि शंकर मुझे भी मत छोड़ना. आज के नेताओं में है इतना दम."

प्राण 75 बरस के हो चुके हैं लेकिन आज भी बदस्तूर काम कर रहे हैं.




Virgin
COMICS
THE sädhu™
BANKER | MANIKANDAN


THE SADHU: PROLOGUE
1856 बंगाल, भारत का वो भाग जो ज़मींदारों और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सबसे ज्यादा प्रताड़ित है
लेकिन ऐसे वीर भी थे जो उनका सामना सिर्फ हाथ में लकड़ी की लाठी लेकर करते थे ..वे उन्हें डकैत कहते थे
लेकिन अंग्रेजों को हराना इतना आसान ना था



डकैतों का सरदार एक साधु था जिसे सब "दादा-ठाकुर" या "दादाजी" कहते थे
आज छः लड़के मारे गए दादा ठाकुर । उन्हें हमारे हमले की खबर थी और उनके पास बंदूकें थी
ये सब भाग्य का लेखा है मोहन भाई
बिना बन्दूको के हम उनका सामना नहीं कर सकते । क्या ऐसे शहीद होना हमारे भाग्य में है ?
हम व्यर्थ का खून खराबा नहीं करते । हम अमीरों से लेकर गरीबों में बांटते हैं । लड़ाई जीतने के और तरीके भी हैं
क्या आप अपने आदर्शों के लिए सबकी बलि चढ़ा देंगे ? हम बंदूकों का सामना लाठियों से नहीं कर सकते । ऐसे तो सब काल का ग्रास बन जायेंगे !
मोहन भाई, हिम्मत ही हमारा असल हथियार है
सबको को लेकर हमारे अड्डे पर जाओ क्योंकि ब्रिटिश सैनिक तुम्हे तलाशते इधर आयेंगे
क्या आप हमारे साथ नहीं आ रहे हैं दादाजी ?
मैं बाद में आऊंगा


रास्ता भटक गए दादाजी ?
नहीं मित्र। लेकिन रास्ता बहुत लम्बा हो गया है, साथी कम हो गए और मैं कमज़ोर हो गया हूँ
जल्द ही आपका अकेलापन दूर होगा क्योंकि आपका उत्तराधिकारी आ रहा है
तुम किसकी बात कर रही हो ? वो कहाँ से आ रहा है ?
वो आ रहा है
END OF PROLOGUE


शुरुआत हमेशा अजीब होती है...
लेकिन गलती हमारी है क्योंकि हम भूल जाते हैं की समय हमारे अनुसार नहीं चलता । वो तो सदैव गतिमान था । संसार का सबसे स्थिर नियम ही परिवर्तन है
क्रमशः

मका बका OW-OW

Navneet Singh
25-2-14




ARCHIE DREAM COMICS
OPH
One Page Horror
...शायद
हर रोज़ की तरह आज भी मेरी बिल्ली हम सब को एकटक देख रही है ।
पिछले एक महीने से वो ऐसा ही कर रही है
जाने हमें ऐसे क्यों देखती है ?
लेकिन आज अहसास हुआ की असल में वो हमारे पीछे कुछ देख रही है ।



मुम्बई
सोनिया होटल के कमरे में लगे शीशे में खुद को देखती है तो एक अजीब सी चीज़ साफ़ झलकती है।
उसके दोस्तों और उसके बॉयफ्रेंड जोएल के लाख कोशिशो के बावजुद भी भारत की ये आर्ट स्टूडेंट अपने कष्टों से मुक्त ना हो सकी
उसके गर्भपात को लगभग एक साल हुआ होगा।
लेकिन कुछ बदतर चीजें थी।
चीजें जो उसे परेशान करती थी
भयानक अग्निपरीक्षा के बाद एक भास्म्युक्त चमड़ी वाला तथा गहरी आखों वाला व्यक्ति उसके सामने आया जो फिर कभी नहीं गया।
उसने उसके बारे में किसी को कुछ नहीं बताया ताकि किसी को ये ना लगे की वो पागल है
वो अघोरी था,एक बुरा साधू..सोनिया ने उसके बारे में काफी रिसर्च की थी..वो एक सम्प्रदाय से था जिनका मरे हुओं को खाने का संस्कार था।
वो नहीं जानती थी की अघोरी द्वारा उसके साथ क्या होना है इसीलिए वह अपने प्रश्नों के उत्तर हेतु भारत वापिस आ गयी।
अब न्यू यॉर्क को छोड़ने का समय है जबतक की उसकी बुरी यादे मिट ना जाए।
या जबतक उसके घाव एक दाग की तरह भर ना जाएँ।
सोनिया ..


हनी, टैक्सी यहाँ है, जल्दी आओ तुम्हारे घर पहुचने के पहले मै जितना हो सके उतना भारत घूमना चाहता हूँ।
जोएल जिससे वो प्यार करती है
जाहिर सी बात है की वो भी इस ट्रिप पर आया था।वो हमेशा उसके साथ था इसीलिए वो उससे प्यार करती थी लेकिन जोएल ने उसको गर्भवती किया था इसीलिए वो उससे थोड़ी नफरत भी करती थी।
लेकिन उसने इस बात को कभी जाहिर नहीं होने दिया।
आ रही हूँ
हा ...
सोफिया होटल के कमरे मे लगे शीशे में खुद को देखती है तो एक अजीब सी छाया साफ़ झलकती है।
तुम ठीक हो?
हाँ मै ठीक हूँ।
क्या मैं इससे प्यार करती हूँ या नफ़रत ?


WOOOHOOOOO!!!
ये ही जीवन है.....
राज को हवा और उसका एहसास पसंद था..सूरज और उसकी गर्मी पसंद थी.. और उसे इंजिन और उसके नीचे की सड़क पसंद थी।
वो तो कभी भी इस क्रॉस कंट्री ट्रिप पर जाना नहीं चाहता था।
लेकिन उसकी गर्लफ्रेंड ने एक एन.आर.आई. लडके से शादी करने के लिए उसे छोड़ दिया और यु.के. में सेटल हो गयी।। ये परफेक्ट समय था इन सब बातो से दूर जाने का।
उसके पास परी जैसी आँखे थी लेकिन उसका मन डायन सा काला। उसने ब्रेक-उप की पूरी गलती राज पर डाल दी, उसे बेवफ़ा कहा।
बेवफ़ा ...
उसके आई पौड का म्यूज़िक चेंज होता है।
वो उसके बारे में सोचकर मुस्कुराता है।
उसके आई पोढ में नया गाना बजता है जो की एकदम फिट है।
"अच्छा सिला दिया तूने मेरे प्यार का ..."


बाहर अँधेरा हो रहा था और वो उसे पलट-पलट कर कनखियों में देख रही थी
नज़रे मिली ...
क्या देख रही हो ?
कुछ नहीं
वो लड़का !
हाँ...नहीं
CUTE?
ही ही ही .. दिखने में तो अच्छा है
वो भी इधर ही देख रहा है
हम्म्म..
ऐसे बैठी रही तो हो गया .. जाओ उससे बात करो !
लेकिन..


CRAAASHHHHHH!
उठो संभलो !
क्या हुआ ?
एक्सीडेंट ! मेरी कजिन कहाँ है ?
वक़्त कम है .. चलो
रुको मेरी बहन !
BOOOOM!


क्रमशः

मेरी बात !

11010101110110010010010011011010100111010101110110010010010011011010100110101011101100100100100110

नागराज और बुगाकू

कल्कि का आशीष




ध्रुव और नागराज का ये अविस्मरणीय विशेषांक मुझे आज भी अतिप्रिय है। राज कॉमिक्स के प्रथम टू इन वन विशेषांक "नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव " की अपार सफलता के बाद पाठकों की ज़बरदस्त डिमांड को देखते हुए RC ने दोबारा ध्रुवा और नागराज को एक साथ प्रस्तुत किया इस विशेषांक "नागराज और बुगाकू" में ।


इसके प्रचार (ad) ने ही पाठकों में खलबली मचा दी । उस समय फिल्मो की वीडियो कैसेट्स में भी फिल्म के बीच बीच में इसका एड आ रहा था {उस एड में ये था कुछ सीन के साथ एक गूँजती हुई वज़नदार आवाज़ ' नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव की अपार सफलता के बाद , एक बार फिर नागराज और ध्रुव एक साथ !!! राज कॉमिक्स पेश करते हैं एक और शाहकार "नागराज और बुगाकु" एक ऐसा खुनी मुक़ाबला जिसमे नागराज और ध्रुव के सामने हैं कई खतरनाक दुश्मन और और और एक अनोखी शक्ति 'बुगाकु "!!! शीघ्र प्रकाशित हो रहा है}।


आखिर सेट प्रकाशित हुआ, और देखते ही देखते इसने सफलता के पिछले सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए ।, उस समय इसका मूल्य मात्र १५ रूपए था । इसकी तीन माह में पूरे भारत में लगभग ६ लाख प्रतियां हाथों हाथ बिक गयी, यानि इसकी सफलता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाठक हर माह इस कॉमिक्स के लिए ३० लाख रूपए खर्च कर रहे थे!! मेरे पास इस सेट की लगभग २०-२५ लोगों की आडवाणी बुकिंग थी इसलिए मैंने इस सेट की ४ प्रतियां मंगाई, और ये मुझे भी बड़ी मिन्नत से और डीलर से पुराने सम्बन्ध होने कारन मिल सकी। वैसे उस दिन तो मैंने तीन प्रतियों को पाठकों को किराये पर दे दिया उस समय १ कॉमिक्स १ घंटे के लिए और पूरा सेट ४ घंटे के लिए किराये पर दिया जाता था ।


नए पाठको या जिन्हे हम जानते नहीं उन्हें दुकान पर बैठा कर पढ़वाते थे, इसलिए सेट की एक प्रति मैंने रोक ली थी किन्तु मैं स्वयं "बुगाकु" पढ़ने के लिए लालायित हो रहा था,इसलिए उसे पढ़ने बैठ गया !!! वाह क्या बढ़िया कहानी थी, थोडांगा और मिस किलर जैसे दो दिग्गज खलनायक और उनकी संयुक्त शक्ति से निर्मित एक अनोखी शक्ति बुगाकु जो की लड़ाई के सभी दांव पेचों में माहिर था और नागराजा वासुकि की खडग प्राप्त करके तो लगभग अजेय ही हो गया था और उसके अलावा कॉमिक्स का वो पंच जिसमे ध्रुव के पुराने सभी दुश्मनो से मुठभेड़ !! हालाँकि वे सब नकली थे और मिस किलर ने उन्हें अपनी मशीन से निर्मित किया था किन्तु फिर भी मज़ा बहुत आया, कहानी का अंत भी काफी मज़ेदार था । थोडांगा के जंगली लडके सूरमाओं से जोरदार टक्कर, ध्रुवा और नागराज को अपनी जान पर खेलना पढ़ा , थोडांगा, मिस किलर, और बुगाकु जैसे दिग्गजों को हराने के लिए !!

वाकई में पुराने दौर और पुरानी कॉमिक्सों का मज़ा ही कुछ और था ..


WALT DISNEY'S
UNCLE $CROOGE
in
INCIDENT AT McDUCK TOWER
मैकडक टावर डक्सबर्ग में सबसे ऊँची इमारत है ना अंकल स्क्रूज ?
हाँ लडकों!
McDUCK TOWER
KJU061-1 / D-90345
सबसे ऊपर ऑफिस हैं और नीचे के मालों में रहने के लिए फ्लैट्स .. अपने आप में एक छोटा शहर है
लेकिन ये इतना ऊँचा क्यों?
हाहाहा .. असल में ये टावर सिर्फ ३ मालों का होना था लेकिन उस वक्त बिल्डिंग का समान सस्ता था इसलिए इतना बना दिया !
और इतनी ऊँची बिल्डिंग के शीशे साफ़ करने के लिए चाहिए मुझ जैसे जांबाज़ और बहादुर लोग इसलिए मैंने अब ये पेशा शुरू किया है
आओ लडको, डोनाल्ड को काम करने दो तब तक हम म्यूजियम घूम कर आते हैं
McDUCK TOW
?
NO AUTOGRAPHS!


लेकिन मैं पहले अपने ऑफिस फ़ोन करके बता दूँ .... ओह मेरा सिक्का !
रोको ! पकड़ो कोई उस सिक्के को !
अंकल स्क्रूज वो सिर्फ एक रुपये का सिक्का है !
PLINK!
हाँ मुझे पता है की एक का सिक्का है .. तो ? कहना क्या चाहते हो ?
कंजूसी की भी हद्द होती है !
McDU
मुझे नहीं लगता की अब अंकल स्क्रूज फ्री होंगे ... उनका पूरा दिन उस सिक्के के पीछे निकलेगा
अंकल डोनाल्ड, आपको तो ऊंचाई से डर लगता था ना ? फिर ये काम ?
डर के आगे जीत है बच्चों
मैंने इस डर को धीरे-धीरे निकाला । पहले मैंने सबसे नीचे की मंजिल से शुरू किया और फिर एक-एक कर के ऊपर बढ़ता गया ...
और इस तरह मेरा पूरा डर कब गायब हुआ पता ही नहीं पड़ा और मैं टावर के सबसे ऊँचे एंटीना तक पहुँच गया


वाऊ अंकल डोनाल्ड ये तो बड़ी शानदार बात है !
धन्यवाद बच्चो , आओ हमारी मंजिल आ गयी है
अब तुम सीधे मुझे काम करते देख कर मेरी तारीफ़ कर सकते हो
73
अंकल डोनाल्ड हमें नहीं लगता की ये अच्छा आईडिया है
डरो मत बच्चो , देखो मैं कितनी जांबाज़ी से इस खिड़की के छज्जे पर चढ़ रहा हूँ
क्या ये ही काम करना ज़रूरी है अंकल डोनाल्ड?
घबराओ मत, देखो मैंने कैसे ये बेल्ट अपनी कमर में बाँधी है और देखो अब खुले आकाश में गोते लगा रहा हूँ
वो गोता लगा रहे हैं या गिर रहे हैं ?
बातों-बातों में वो अपनी बेल्ट पहनना ही भूल गए !
अंकल डोनाल्ड आप पकडे रहना, डरना मत .. आप ठीक तो हैं ?
हम कुछ करते हैं
घबराओ मत बच्चो.. तुम्हारे अंकल डोनाल्ड को इन छोटी मोटी बातों से अब कोई डर नहीं लगता
मैं अभी इस खुली खिड़की से वापस ऊपर आता हूँ
SLAM


तुम मेरी बातों पर क्यों बडबड़ारी हो ?
मैंने सिर्फ खिड़की बंद की है
सुनते हो ! वो बेवकूफ़ खिड़की साफ़ करनेवाला फिर मुझे चिढ़ा रहा है
ऐसा थप्पड़ मारो की याद रखे
धन्यवाद में अन्दर आना चाहता हूँ
THWAP
वो खिड़की नहीं खोलती तो अच्छा होता। उसके थप्पड़ से तो मैं नीचे ही गिर जाता । लेकिन उसने मुझे मारा क्यूँ ?
इस मंजिल पर सिर्फ ऑफिस हैं और आज छुट्टी के कारण सबके सब बंद है और खिड़की भी खुली नहीं है .. अब क्या करूँ ?
वो रहे अंकल डोनाल्ड ! हमे उन्हें ऊपर खींचना होगा !
FIRE HOSE
ये पाइप नीचे फेंको




आप इसे पकड़ लीजिये ,
हम आपको बचायेंगे
वैसे तो मुझे तुम्हारी मदद नहीं चाहिए लेकिन तुम इतना जोर दे रहे हो तो ..
रुको पाइप फंस गया है , खींचना मत
OFF
ON
THWOOSH
ये क्या हो रहा है ?
ये क्या हो रहा है ?
WHOOSH
इन हालात से सिर्फ कमज़ोर दिल वाले डरते हैं ..
और मैं भी !
CLANK!
OFF
ON
इसे बंद करो ! कोई तो मुझे बचाओ !
ओह
ZOW
कल की सुर्खियाँ " एक दिलेर खिड़की साफ़ करने वाले की गिर कर मौत "


SPLAAT!
बच गया ! ये आदमी मुझे बचाएगा
आत्महत्या का प्रयास करनेवाला एक और मानसिक रोगी ? नर्स इसका नाम-पता ले लो और इसे कल कूदने को बोलो !
NOK NOK
तुम कबसे बीमार हो ? तुम डॉक्टर का भुगतान कैसे करोगे ?
ये लो , बस मुझे अन्दर आने दो !
SLAP
अंकल डोनाल्ड फिर किसी छज्जे पर है .. उम्मीद करो की हमारे पहुँचने तक वहीं रहें
डॉक्टर के फ़ोन के अनुसार वो आत्महत्या के प्रयास करने वाला डक इसी मंजिल पर है
आत्महत्या !
हम इस टावर की सिक्यूरिटी हैं .. इसे हम बचायेंगे
और बोनस मिलेगा अलग ..
हम पुलिस है ! इस डक को हम बचायेंगे


अरे खिंचो मत ! मैं गिर जाऊंगा !
घबराये नहीं हम आपको बचा लेंगे
छोड़ो उसे !
मैंने कहा ना हम ही इसे बचायेंगे !
बचाओ
MMF!!!
तुम्हारी इतनी हिम्मत ! हम पुलिसवाले हैं !
वो डक कहाँ गया ?
लगता है वो हमारे हाथों से छुट गया !
हमारा बोनस चला गया ... बहुहुहू
वो फिर अटक गया !
अंकल डोनाल्ड उस फ्लैग पोल पर लटके हैं !
जल्दी चलो !
अंकल डोनाल्ड खिड़की खुली है, आप यहाँ से अन्दर आ जाइये
जल्दी कीजिये , ये फ्लैग पोल ज़्यादा देर आपका भार उठा नहीं पायेगा
Eh... Eh... Eh... Eh...
?
CRACK


CRASH
FWAP
61
OUT OF ORDER
CLUNK
49
EMERGENCY EXIT
CRASH
BOING
FLOP
ZOOM
MAIL
?
MAIL
CLUNK
अंकल डोनाल्ड चमत्कारी ढंग से सीधे बिल्डिंग में फिंका गए !
नीचे क्या हो रहा है ?
और बड़ा चमत्कार ! अंकल डोनाल्ड दो मंजिल के बाद बिल्डिंग के अन्दर गिरे और उसके दस मंजिल बाद वो वापस बाहर लटक गए !
विश्वास नहीं होता !



YAAAAA
*ZOWW!
BOING
BYONG
BOING
BYONG
BWANG
BEYOING
WHIRR
TWOING
BWANG
RIP
BOINK
WHIRRR
9.5
ZOOM
FOING
BYONG
BEYANG
TWOING
RIP
RIP
RIP
CRASH
FRESH FISH
SALE
COD
FRESH FISH
SNAG
CRASH
मुझे नहीं लगता की ये मछली ताज़ी या खाने लायक है !
PICKLED HERRING
तुम कहाँ से टपके ?
अंकल डोनाल्ड आप ठीक हैं ?


आप अगली बार खिड़की साफ़ करने चढ़े तो संभल कर चढ़ना
हमारे बहादुर अंकल डोनाल्ड
YAAHH!
क्या हुआ ?
ये फुटपाथ बहुत ऊँचा है .. मुझे नहीं उतरना यहाँ से .. बचाओ !
धीरे-धीरे-धीरे .. हाँ बस उतर गया !
मैं कल ही ये नौकरी छोड़ दूँगा और रोड साफ़ करने की नौकरी कर लूँगा क्योंकि कम-से-कम यहाँ से तो नीचे नहीं गिरूंगा !
RESH FISH
हमें अंकल स्क्रूज को बता देना चाहिए की आज क्या हुआ और ये भी बता देना चाहिए की अंकल डोनाल्ड उनकी नौकरी छोड़ रहे हैं
WHIT
ये क्या ?
तुम कहाँ से टपके नालायक ?
End

फलक



आदत

वैभव चौहान

एक ही जगह अगर दो अजनबी अक्सर मिलते रहें तो वो हो जाती है ना मुस्कान शेयरिंग वाली पहचान, बस वैसी ही पहचान थी मेहता जी की उस नौजवान से.. अक्सर एक मैखाने में दोनों की शाम जवां हुआ करती थी, मेहता जी उसे इसलिए पसंद करते थे क्युकी वो भी उनकी तरह लिमिटेड ही लेता था, शायद दिन भर की थकान दो पैग में उतार के घर चला जाता। मेहता जी भी वहाँ से निकल कर बेरंगे ही नजर आते खैर.. हुआ यु की मेहता जी की सुकुमारी के लिए एक रिश्ता आया, उनकी श्रीमती जी बता रही थी..

"लड़का बैंक में मेनेजर है, भले लोग है हमारी तरह, वो भी शहर के शहर में, लड़का दिखने में भी अच्छा है ये देखिये फोटो"

(अरे ये तो उसी नौजवान की तस्वीर है.. मेहता जी चौक गए..जाने क्यों वो रिश्ता उन्हें कुछ जमा नहीं)

खैर.. उस दिन से मैखाने ने मेहता जी को मिस ही किया, पता नहीं व्यसन छुट गया या शाम कही और जवां होती है।

प्रणाम

विनय जयसवाल

अंशुमन लाइब्रेरी के बाहर खड़ा निहारिका का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा था।पूरे दो घंटे हो गये थे, मगर मैडम दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही थी। मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा था।अब अंशुमन का डर बढता जा रहा था, कहीं निहारिका ने उसे गलत तो नहीं समझ लिया और दोस्ती खत्म करने की तो नहीं सोच ली।दरअसल कल बीच यूनिवर्सिटी में अंशुमन के दोस्तों ने दोनों को साथ देख, निहारिका को भाभीजी प्रणाम कह दिया था और उसके बाद वह कन्नी काटकर निकल गयी। इसके बाद से उसका फोन स्वीच ऑफ आ रहा था। वह सोचने लगा कि आखिर उसकी गलती क्या है? लेकिन उसने भी ठान लिया था कि वह यहीं उसका वेट करेगा, भले शाम हो जाय।करीब और डेढ़ घंटे बाद पीछे से किसी ने उसके कंधे में पर हाथ रखा तो देखते ही उसके होश उड़ गये, वहां निहारिका थी; उसके फेवरेट पिच कलर की साड़ी में, और वह छूटते ही बोली अब लग रही हूँ ना तुम्हारे दोस्तों की भाभी।अंशुमन बस मुस्कुरा कर रह गया, जो बात वह ढाई साल से यह सोचकर कह नहीं पा रहा था कि कहीं दोस्त न खो दे; दोस्तों ने उसकी पूरी कहानी लिख दी।



दबा कार्ड

अरविन्द दीक्षित

' बेटे ,तुम मेरे इकलौते !जो कुछ मेरे पास सब तुम्हारा ...."

'ओह सच !पापा फिर जल्दी दीजिये ,आपका ऐ टी एम कार्ड व पासवर्ड...'

'बेटा तू जन्म का जल्दबाज !मेरी पूरी बात तो सुन ....हा !सबकुछ तेरा ....पर मरणोपरांत ..'

किससे बाते कर रहा था मै ?यहाँ तो कोई भी नहीं ,हाय अर्थ मोह !

हथेली में दबा ऐ टी एम कार्ड पसीज उठा



Ruth / Amendola / D'Agostino / Yoshida / Grossman



कल मिलते हैं वेदरबी सर , गुड बाय
ज़रूर कल मिलते हैं .. गुड बाय बेट्टी , रेजी , वेरोनिका , जगहेड ..
.. आ आ आ ...
AH-AH-CHOO
मुझे मत देखो तुम लोग ... मैंने कुछ नहीं किया !!
मुझे लगता है की वेदरबी सर सच में मेरे नाम से एलर्जिक हैं !!!
आर्ची बेकार की बातें मत करो !
ये सिर्फ तुम्हारे मन का वहम है !
इतेफाक है !
लगता है आर्ची जवानी में ही सठिया गया है !


हाँ प्रिंसिपल सर ये एलर्जी ही है
GRK!
वो तो मुझे भी पता है की एलर्जी है लेकिन किससे ?
कहना मुश्किल है !
अब मैं क्या करूँ डॉक्टर ?
फ़िलहाल तो ध्यान रखिये आप क्या खाते हैं, क्या पीते हैं, किससे मिलते हैं, किसके पास खड़े होते हैं इत्यादि
हो ना हो ये एलर्जी आर्ची के कारण ही है !


ये समस्या सच में गंभीर है । एक हफ्ता हो गया है एलर्जी को !
वेदरबी सर, एक मिनट कृपया रुकिए ! मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ।
AH!
वेदरबी सर प्लीज सुनिए !
क्या आप मुझसे एलर्जिक हैं ?
CHOO!!


हाँ आर्ची अब तो ये बिलकुल पक्का है की मुझे तुमसे ही एलर्जी है !
तुमने भी वो सुना जो मैंने सुना ?
हाँ सच में .. विश्वास नहीं होता
खैर अब मुझे इस एलर्जी का समाधान मिल गया है । मुझे जितना हो सके आर्ची से दूर रहना है ।
सर क्या मैं आपसे बात कर सकती हूँ ?
हाँ ज़रूर, बोलो !
क्या आपकी "आर्ची-एलर्जी" छुआ-छूत की बीमारी की तरह फ़ैल सकता है ?
सच कहूँ तो मुझे पता नहीं...लेकिन हाँ एलर्जी की स्थिति में ऐसा हो सकता है की ये एक इंसान से दुसरे में चली जाये
अच्छी बात है .. तो फिर क्या आप कृपया कर ये रोग वेरोनिका को भी लगा देंगे ?


Fan Arts




Prem Arts



Navneet Singh







Archie








Ashutosh Singh Rajput






Sameer Lucky





नागराज की ग्रीन गोब्लिन को पकड़ने में मदद कीजिये










दिए गए चित्रों में पांच अंतर ढूंढिए



Carefully cut out the 5 shapes on this page. Use a hobby knife to slit the white lines labeled with letters. Tape and glue are not necessary. Thicker paper is recommended.


Comics Khazana
Issue 1 Year - May 2014
India's first Fan-made Monthly Comics Magazine
CK
Cover - B
First Mega Issue
Free Paper Toy Inside